an>

Title: Need to provide a special package to rejuvenate the flagging brass industry in Shamsabad in Kaushambi parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी) ः माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा देश में बेरोज़गारी दूर करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण योजना मेक इन इंडिया की शुरूआत की है, जिस पर केंद्र सरकार सकारात्मक कार्य कर रही है। आज नौजवान बेरोज़गारों में एक उम्मीद की किरण जगी है, जिसके परिणामस्वरूप लाखों बेरोज़गार कौशल विकास केंद्रों या अन्य संस्थाओं से प्रशिक्षण लेकर रोज़गार पा रहे हैं। मैं सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में शमसाबाद गांव जिसका मैंने माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से सांसद आदर्श ग्राम के रूप में चयन किया है जो पहले से पीतल नगरी नाम से विख्यात है, जहां पीतल का लघु उद्योग लगभग हर घर में था, किंतु पूर्व सरकारों की उदासीनता के कारण आज पीतल उद्योग बंद होने के कगार पर है तथा वहां के लोगों में निराशा एवं जीविकोपार्जन की गंभीर समस्या बनी हुई है। मैंने इस समस्या से माननीय लघु उद्योग मंत्री जी को भी अवगत कराया है।

मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि मेक इन इंडिया को सफल बनाने के लिए जल्द से जल्द शमसाबाद में पीतल उद्योग जो बंद होने के कगार पर है, को बढ़ावा देने हेतु बुनकरों की तरह स्पेशल पैकेज व सुविधा दिया जाए जिससे वहां के लोगों की बेरोज़गारी दूर हो सके एवं पीतल उद्योग को बढ़ावा मिल सके। साथ ही साथ कौशाम्बी जैसे उद्योग विहीन जिले में पुनः उद्योग की शुरूआत हो सके एवं कौशाम्बी के बेरोज़गार युवकों के पलायन को रोका जा सके।